दिनांक 04.11. 2020
स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

निगम ने एक दिन में ही लीकेज मरम्मत कर जल प्रदाय किया प्रारंभ , पूरी रात पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने लगा रहा निगम का अमला

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई का अमला पटेल चौक दुर्ग पर हुए पाईप लाईन लीकेज को सुधारने पूरी रात लगा रहा और अल सुबह तक लीकेज ठीक कर लिया गया। शिवनाथ इंटकवेल से आने वाले मुख्य पाईप लाईन जो दुर्ग शहर से होते हुए 77 एमएलडी जल शोधन संयंत्र तक पहुंचती है और शुद्धिकरण होने के पश्चात टंकियों के माध्यम से पूरे शहर को पानी सप्लाई करती है। दुर्ग के पटेल चौक के पास में लीकेज होने के कारण जल प्रदाय प्रभावित हो रहा था! जिसे ठीक कर दिया गया! लीकेज धीरे धीरे बड़ा होकर जलापूर्ति में बड़ा व्यवधान उत्पन्न करता उससे पूर्व ही इसे दुरुस्त कर लिया गया। महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव एवं आयुक्त के निर्देश पर निगम की टीम ने दिन रात करके लीकेज सुधार लिया। जल विभाग के अधीक्षण अभियंता सत्येन्द्र सिंह एवं कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा के मार्गदर्शन में टीम ने मंगलवार सुबह से ही कार्य प्रारंभ कर दिया था और रातभर कार्य करने के पश्चात लीकेज की मरम्मत कर ली गई। उप अभियंता अर्पित बंजारे ने बताया कि जल प्रदाय प्रारंभ कर दिया गया है। पहले टंकियों को भरा जा रहा है इसके पश्चात घरों के नल खुलने लगेंगे।

ट्रैफिक पुलिस स्टेशन के पास पाईप शिफ्टिंग का कार्य अंतिम चरण पर -

ट्रैफिक पुलिस स्टेशन नेहरू नगर के पास पाईप लाईन शिफ्टिंग का कार्य किया जा रहा है। यहां पर भी लीकेज की समस्या आई थी! जिसे देखते हुये पाईप को बगल में शिफ्ट करने का कार्य किया जा रहा है। इसके लिये निगम की टीम पूरी तन्मयता से लगी हुई है। शिफटिंग का कार्य अंतिम चरण की ओर है। इस पाइप लाइन से नेहरू नगर , फरीद नगर, स्मृति नगर और रिसाली के क्षेत्रों को जल प्रदाय किया जाता है।

जनसम्पर्क अधिकारी